## महत्वपूर्ण एवं खास

### हसदेव नदी में 03 युवक डूबे, एक युवक का शव मिला दो की तलाश जारी

**कोरबा (आरएनएस)।** दर्री थानांतर्गत हसदेव नदी में 03 युवकों की डूबने की सूचना के बाद एसडीआरएफ और नगर सेना की टीम ने रेस्क्यू कर युवकों की तलाश जारी की। घटना के 72 घंटे बाद हसदेव नदी में डूबे 03 युवको में से एक युवक का शव बरामद कर लिया गया है। युवक की लाश जलकुंभी के नीचे फसी हुई थी। जिसे काफी मशक्कत करने के बाद टीम ने रेस्क्यू कर लाश को बाहर निकाला। हसदेव युवक सागर चौधरी का शव मिलने से परिजनों के उपर दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा है और उनका रो रोकर बुरा हाल है। दो युवक अब भी लापता जिनकी तलाश जारी है।

### दिगर राज्य के 7 संदिग्ध बस्तर में गिरफ्तार

**बस्तर-रायपुर (आरएनएस)।** जिले की पुलिस ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और ओडिशा राज्य के 7 संदिग्ध को गिरफ्तार की है। ये सभी जगदलपुर में पुलिस को बिना सूचना दिए रह रहे थे। पुलिस को शक था कि चुनावी समय में कोई घटना कर सकते हैं। इसलिए पुलिस को इनपर शक हुआ और कार्रवाई की है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक, नगरीय निकाय, पंचायती चुनाव और आचार संहिता के पालन में शहर में संदिग्ध गतिविधियों पर रोक एवं शांति व्यवस्था के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी कोतवाली एवं थाना प्रभारी बोधघाट के नेतृत्व में शहर में 35-35 जवानों की दो अलग-अलग टीम तैयार की गई है। जिला बल के जवान हैं। वहीं तडक़े 4 बजे कालीपुर अटल आवास, सन सिटी अटल आवास और अवंतिका कॉलोनी अटल आवास टीम रवाना की गई थी। इस दौरान वहां मौजूद व्यक्तियों से पूछताछ और आवश्यक दस्तावेज की जांच की गई। जिसमें कुछ संदिग्ध व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया। जिसे टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा।

### नवजातों की अदला-बदली मामले में डीएनए जांच के आदेश

**दुर्ग-रायपुर (आरएनएस)।** जिला अस्पताल के मदर चाइल्ड वार्ड में बच्चा बदलने का मामला डीएनए टेस्ट तक पहुंच गया है। दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जांच समिति और जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू को डीएनए टेस्ट कराने के आदेश दे दिये हैं। जल्द ही डीएनए टेस्ट की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा।सिविल सर्जन डॉ. साहू ने बताया कि बच्चा बदलने के मामले में जो जांच समिति गठित की गई थी, उसने अपनी जांच पूरी कर ली है। समिति ने अपनी जांच रिपोर्ट को न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के सामने रखा है। रिपोर्ट के अवलोकन के बाद समिति ने बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए डीएनए टेस्ट कराने का आदेश जारी किया है। जल्द ही इसकी प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इसके लिए सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू ने दोनों नवजात का हेल्थ चेकअप शिशुरोग विशेषज्ञ द्वारा कराया। जांच के बाद पाया गया कि दोनो बच्चे पूरी तरह से स्वस्थ हैं और डीएनए टेस्ट किया जा सकता है। आज डीएनए टेस्ट की प्रक्रिया की जा सकती है।

### तीन सूने मकानों में चोरों ने किया हाथ साफ

**रायपुर (आरएनएस)।** नवा रायपुर स्थित तीन सूने मकानों में अज्ञात चोर ने धावा बोलकर हजारों रुपए का सामान पार कर दिया।व् तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में प्रार्थी मनमोहन सिंह 53 वर्ष ने राखी थाना में शिकायत किया कि सेक्टर 27 नवा रायपुर स्थित उसके सूने कान का ताला तोडक़र अज्ञात चोर ने एक लेपटाप, चार्जर व माउस पार कर दिया। वहीं दूसरे मामले में निखिल टंडन 30 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसके सेक्टर 30 नवारायपुर स्थित सूने मकान का ताला तोडक़र 2 लेपटाप और चार्जर पार कर दिया।

**बर्ड फ्लू नियंत्रण**

# दिल्ली से पहुंची टीम ने इंफेक्टेड जोन का लिया जायजा

- एम्स रायपुर से पहुंची डॉक्टरों की टीम ने अस्पतालों का लिया जायजा
- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के साथ सभी टीमों की हुई बैठक, प्रोटोकॉल के अनुसार आगे की गतिविधियों के लिए दिए गए सुझाव
- दिल्ली से पहुंचे विशेषज्ञों ने बर्ड फ्लू नियंत्रण के लिए जिले में उठाए त्वरित कदमों को सराहा, कहा-संक्रमण नियंत्रण में यह रहा कारगर
- पोल्ट्री फार्म के सैनिटाइजेशन का काम जारी





**रायगढ़**

जिले में मिले बर्ड फ्लू के मामले में नियंत्रण की मॉनिटरिंग के लिए दिल्ली से केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की टीम और एम्स से डॉक्टरों की एक टीम गुरुवार को रायगढ़ पहुंची। टीम ने संक्रमण प्राप्त पोल्ट्री फार्म और आस-पास एक कि.मी.के 'इंफेक्टेड जोन' का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने सैनिटाइजेशन के साथ ही डोर-टू-डोर जाकर घरों में रेंडमली जांच की। जिसके बाद टीम ने कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के साथ बैठक कर भारत सरकार के प्रोटोकॉल्स के संबंध में अपने सुझाव दिए। टीम में डॉ देवांग जरीवाला, असिस्टेंट डायरेक्टर इंटीग्रेटेड डीसीज सर्विलांस प्रोजेक्ट भारत सरकार, डॉ.एच.आर.खन्ना, ज्वाइंट कमिश्नर, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, भारत सरकार, एम्स रायपुर से डॉ.अजॉय के बेहरा, एडिशनल प्रोफेसर पल्मोनरी विभाग, डॉ संजय सिंह नेगी, प्रोफेसर, माइक्रोबायोलॉजी और डॉ.गौरी कुमारी पाढ़ी, एडिशनल प्रोफेसर, कम्युनिटी मेडिसिन, डॉ किरण अखाड़े असिस्टेंट डायरेक्टर, एपिडेमियोलॉजी, डॉ.चयनिका नाग, एंटोमोलॉजिस्ट इंटीग्रेटेड डीसीज सर्विलांस प्रोजेक्ट रायपुर शामिल रहे। इसके साथ ही रायपुर से पहुंची पशुपालन विभाग की टीम से डॉ.तपसी और डॉ.नलिन पांडेय, स्वास्थ्य विभाग रायगढ़ से डीआईओ डॉ.भानू पटेल, डॉ.अभिषेक शास्त्री, डॉ.केनन डेनियल, डॉ.कल्याणी पटेल, डीपीएम रंजना पैकरा एवं उप संचालक पशुपालन रायगढ़ धरमदास झारिया भी बैठक में शामिल रहे।

दिल्ली से पहुंचे पशुपालन विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर डॉ.खन्ना ने कहा कि रायगढ़ जिले में बर्ड फ्लू नियंत्रण के सभी प्रारंभिक कदम तेजी और प्रभावी रूप से उठाए गए। संक्रमित स्थल के मुर्गियों, चूजों, अंडों को नष्ट करना सबसे जरूरी और चुनौतीपूर्ण होता है। इसे रायगढ़ में बर्ड फ्लू की पुष्टि के अगले कुछ घंटों में कर लिया गया था। उन्होंने कहा कि अभी उक्त पोल्ट्री फार्म को सैनिटाइज करना सबसे पहली प्राथमिकता है। इसके लिए फ्लेम गन और डिसइंफेक्टेंट का उपयोग कर शीघ्र पोल्ट्री फार्म को सैनिटाइज किया जाए। कलेक्टर गोयल ने उप संचालक पशुपालन विभाग को पर्याप्त मैन पावर के साथ जल्द यह काम पूरा करने के निर्देश दिए।

एम्स से पहुंची डॉक्टरों की टीम ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। अस्पतालों में पहुंचने वाले सर्दी-बुखार के मरीजों की निगरानी के लिए विशेष तौर पर कहा गया है। इसके साथ ही आवश्यक प्रोफाइलेक्टिक दवाओं के स्टॉक रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर गोयल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि प्राप्त निर्देशों के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो। पोल्ट्री फार्म में कार्यरत सभी व्यक्तियों के क्वारंटाइन किए जाने को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए गए।

**1 कि.मी. दायरे का लिया जायजा-** दिल्ली से पहुंची टीम ने 'इंफेक्टेड जोन' का जायजा लिया। यहां उन्होंने उन्होंने रैंडमली लोगों के घरों में जांच की और बाजार का भी निरीक्षण किया। पोल्ट्री फार्म के सैनिटाइजेशन के बाद एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस के नियंत्रण के लिए भारत सरकार के गाइडलाइंस के अनुसार आगे कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

**स्वास्थ्य विभाग की टीम अस्पतालों का किया दौरा, जिले के स्वास्थ्य अमले की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ली मीटिंग-** रायपुर एम्स से पहुंची डॉक्टरों की टीम ने जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने ओपीडी और आइसोलेशन वार्डों का जायजा लिया। सभी जरूरी दवाओं का स्टॉक रखने के निर्देश दिए। साथ ही इलाज के लिए पहुंचने वाले लोगों के स्वास्थ्य विशेष रूप से निगरानी के निर्देश उन्होंने दिए। एम्स की टीम ने पूरे जिले के स्वास्थ्य अमले को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक लेकर बर्ड फ्लू को लेकर लोगों के स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से बरतने वाले एहतियात के बारे में जानकारी दी।

## अवैध शराब बिक्री की सूचना पर पुसौर पुलिस की कार्यवाई: एक आरोपी गिरफ्तार, 10 लीटर महुआ शराब जब्त



**रायगढ़**

नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है। इसी क्रम में गुरुवार दोपहर थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे को ग्राम पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कंवरिहा में एक व्यक्ति अवैध रूप से महुआ शराब बेचने की जुगाड़ में है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने प्रधान आरक्षक योगेश उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम को त्वरित कार्रवाई के लिए रवाना किया।

पुलिस टीम ने ग्राम कंवरिहा स्थित नहर के पास दबिश दी, जहां आरोपी जलिन्धर पटेल (44), निवासी कंवरिहा, थाना पुसौर, अवैध रूप से शराब बिक्री कि लिए शराब रखे हुए मिला। जलिन्धर पटेल के कब्जे से दो 5-5 लीटर की जरिकनों में कुल 10 लीटर महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1,000 रुपये आंकी गई है। पूछताछ में आरोपी ने शराब बिक्री की बात स्वीकार की, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर ही जब्ती बनाते हुए आरोपी के खिलाफ थाना पुसौर में आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59(क) के तहत मामला दर्ज किया।

इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक योगेश उपाध्याय, आरक्षक दिलीप सिदार और आरक्षक विजय कुशवाहा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुसौर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के कारोबार पर सख्ती जारी रहेगी और चुनाव के मद्देनजर ऐसे अवैध धंधों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

**नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025**

## कलेक्टर गोयल पहुंचे स्ट्रांग रूम, तैयारियों का लिया जायजा

- मशीनों के वितरण रूट, वितरण काउंटर तथा वाहनों के आवागमन हेतु व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश





**रायगढ़**

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार होने वाले नगरीय निकाय निर्वाचन के मद्देनजर आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने केआईटी गड़उमरिया स्थित स्ट्रांग रूम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल उपस्थित रहे।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने मशीनों की कमीशनिंग की जानकारी ली। उन्होंने मशीनों के वितरण हेतु रूट, वितरण काउंटर, बैठक व्यवस्था, पेयजल तथा वाहनों के आवागमन हेतु आवश्यक बेरीकेटिंग की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मतगणना दिवस हेतु मशीनों के लाने हेतु आवश्यक रूट तथा मतगणना कक्ष में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने सुरक्षा हेतु बल संबंधी व्यवस्थाएं, आगमन, निकासी तथा पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी रवि राही, एडशिनल एसपी आकाश मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला, एसडीएम प्रवीण तिवारी, एसडीओ पीडब्लूडी एम.एस.नायक सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीजी एम सएस सी घोटाला : करोड़ों के घोटाले में इन आईएएस अफसरों की बढ़ी मुश्किलें, एसीबी ईओडब्ल्यू ने पूछताछ के लिए किया तलब

**रायपुर** | आरएनएस

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन (सीजीएमएससी) में करोड़ों रुपये के घोटाले में अब तीन आईएएस अधिकारी भी लपेटे में आ गए हैं. ने इन तीनों अफसरों को समन जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया है.

इसके अलावा मामले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की संलिप्तता के साक्ष्य भी मिले हैं.

जानकारी के मुताबिक एसीबीईओडब्ल्यू ने आईएएस अफसर भीम सिंह, चंद्रकांत वर्मा और सीजीएमएससी की एमडी पद्मिनी भोई को पूछताछ के लिए तलब किया है. बता दें कि एसीबीईओडब्ल्यूने छ्त्ररूस्ष्ट घोटाले में हफ्ते भर पहले मोक्षित कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा को गिरफ्तार कर रिमांड में लिया था. वहीं आज आरोपी की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद उसे फिर से ईओडब्ल्यू की विशेष कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने 6 दिन की पुलिस रिमांड पर ईओडब्ल्यू को सौंप दिया है. अब आरोपी शशांक चोपड़ा को 10 फरवरी को वापस कोर्ट में पेश किया जाएगा. जांच एजेंसी ने दवा खरीदी घोटाले में प्रदेश के बड़े सप्लायर शशांक चोपड़ा को गिरफ्तार किया है. उससे पूछताछ के बाद कई नए तथ्य सामने आई हैं. दवा खरीदी का यह घोटाला अब तक का सबसे बड़ा घोटाला माना जा रहा है. यह घोटाला 400 करोड़ से अधिक का है.

बता दें कि कांग्रेस शासनकाल में स्वास्थ्य विभाग के सीजीएमएससी ने मोक्षित कॉरपोरेशन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की राजकोष को किस तरह से खाली किया है ये महज दो साल की 'ऑडिट ऑब्जर्वेशन रिपोर्ट' में सामने आया था. ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक करोड़ों की गड़बड़ी की गई है. इस पूरे मामले को लेकर 660 करोड़ रुपए के गोल-माल को लेकर भारतीय लेखा एंव लेखापरीक्षा विभाग के प्रिंसिपल अकाउंटेंट जनरल (ऑडिट) आईएएस यशवंत कुमार ने एडिशनल चीफ सेक्रेटरी मनोज कुमार पिंगआ को पत्र लिखा था.

**दो साल के ऑडिट में खुली थी पोल-** लेखा परीक्षा की टीम की ओर से सीजीएमएससी की सप्लाई दवा और उपकरण को लेकर वित्त वर्ष 2022-24 और 2023-24 के दस्तावेज को खंगाला गया तो कंपनी ने बिना बजट आवंटन के 660 करोड़ रुपये की खरीदी की थी, जिसे ऑडिट टीम ने पकड़ लिया था. ऑडिट में पाया गया है कि पिछले दो सालों में आवश्यकता से ज्यादा खरीदे केमिकल और उपकरण को खपाने के चक्कर में नियम कानून को भी दरकिनार किया गया. जिस हॉस्पिटल में जिस केमिकल और मशीन की जरूरत नहीं वहां भी सप्लाई कर दिया गया. प्रदेश के 776 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सप्लाई की गई, जिनमें से 350 से अधिक ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ऐसे हैं, जिसमें कोई तकनीकी, जनशक्ति और भंडारण सुविधा उपलब्ध ही नहीं थी. ऑडिट टीम के अनुसार डीएचएस ने स्वास्थ्य देखभाल की सुविधाओं में बेसलाइन सर्वेक्षण और अंतर विश्लेषण किए बिना ही उपकरणों और रीएजेंट मांग पत्र जारी किया था।

**स्वास्थ्य महकमे के अधिकारियों के खिलाफ भी दर्ज है मामला-** ईओडब्ल्यू ने अपनी एफआईआर में स्वास्थ्य महकमे के आला अधिकारियों के खिलाफ भी अपराध दर्ज किया है. एफआईआर में स्वास्थ्य संचालक और सीजीएमएससी की एमडी पर गंभीर टिप्पणी की गई है. इस एफआईआर के बाद यह माना जा रहा है कि जांच की जद में कई आला अफसर आ सकते हैं. चर्चा है कि इस घोटाले में शामिल रहे लोगों की जल्द गिरफ्तारियां होंगी. ईओडब्ल्यू की शुरुआती जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि अफ सरों की मिलीभगत से सरकार को अरबों रुपए की चपत लगाई गई.

## फर्जी सीबीआई अफसर बनकर महिला वकील से 41 लाख की ठगी

**दुर्ग-रायपुर** | आरएनएस

महिला अधिवक्ता से सीबीआई दिल्ली का अफसर बनकर 41 लाख रुपए की ठगी की गई। महिला वकील पर दिल्ली में फर्जी खाता खुलाये जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई किए जाने की धमकी देते हुए अलग-अलग किस्तों में एक 41 लाख रुपए वसूल किए गए। महिला अधिवक्ता को ठगी होने का आभास होने पर कोतवाली थाना दुर्ग में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थी कु फरिहा अमीन कुरैशी अधिवक्ता निवासी एल.आई.जी. 512 हाउसिंग बोर्ड कालोनी बघेरा दुर्ग जिला न्यातयालय दुर्ग मे अधिवक्ता के रुप मे काम करती है। कि 21 जनवरी 2025 को मोबाईल नंबर पर सुबह 10.35 मिनट बजे आरोपी मोबाईल नंबर के धारक दीपक एवं सु?निल कुमार गौतम निवासी नईदिल्ली का एक विडियो कॉल आया। जिन्होने अधिवक्ता को दिल्ली पुलिस से बात करना बताया था। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि संदीप कुमार द्वारा मनीलॉन्ड्रींग केस ड्रगट्रेफेकिंग आईडेन्टिटी थेफ्ट केस में जांच की जा रही जिसमें उन्हे संदीप कुमार के कब्जे से 180 बैंक खाते प्राप्त हुए है। जिसमें एक खाता अधिवक्ता के नाम का एच.डी. एफ.सी. बैंक दिल्ली का है जो 18 दिसंबर 2024 को खुलवाया गया है। जिसमें लगभग 8.7 करोड़ रूपये जमा है और आरोपी संदीप कुमार ने पुछताछ के दौरान यह बताया गया है कि सभी खाता धारकों ने संदीप कुमार से 10 प्रतिशत लेकर व्यक्तिगत उपस्थित होकर अपने नाम से उक्त खाते खुलवाये है। कार्यवाही की दो बढक़र महिला को डराया गया और लगातार उससे कुल रकम 41 लाख रुपया का धोखाधडी किया है। महिला अधिवक्ता कु फरिहा अमीन कुरैशी की रिपोर्ट पर से धारा 318(4),3(5) बीएनएस का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है।

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह राजनांदगांव में आचार्य विद्यासागर महाराज के प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव और 1008 सिद्धचक्र विधान विश्व शांति महायज्ञ में हुए शामिल

- आचार्य विद्यासागर जी महाराज एक युग पुरूष थे, उन्होंने एक नए विचार और नए युग का प्रवर्तन किया
- आचार्य विद्यासागर जी के शरीर का कण-कण और जीवन का क्षण-क्षण धर्म, संस्कृति और राष्ट्र को समर्पित रहा



**रायपुर** | आरएनएस

आचार्य जी ने भारतीय भाषाओं के संवर्धन, देश के गौरव का विश्वभर में प्रसार और देश की पहचान 'इंडिया' की बजाय 'भारत' से होने पर जोर दिया। जी-20 सम्मेलन के निमंत्रण पत्र पर 'प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत' लिख कर, मोदी जी ने विद्यासागर जी के विचारों को जमीन पर उतारने का काम किया। आचार्य विद्यासागर जी अपने कर्मों से भारत, भारतीय संस्कृति, भारतीय भाषाओं और भारत की पहचान के प्रतिबिंब बने। आचार्य विद्यासागर जी का संदेश, प्रवचन व लेखन जैन समुदाय के साथ-साथ पूरे राष्ट्र के लिए अनमोल धरोहर मोदी जी के नेतृत्व में भारत 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'अहिंसा परमो धर्म:' के सिद्धांतों का प्रचार कर रहा है। जिस देश में अनेक भाषाएँ, लिपियाँ, बोलियाँ, व्याकरण और गाथाएँ हों, वह देश सांस्कृतिक रूप से उतना ही समृद्ध होता है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित किया और 1008 सिद्धचक्र विधान विश्व शांति महायज्ञ में शामिल हुए। इस दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आचार्य विद्यासागर जी की स्मृति में ?100 का स्मारक सिक्का, डाक विभाग का ?5 का विशेष लिफाफा, 108 चरण चिन्हों व चित्र का लोकार्पण और प्रस्तावित समाधि स्मारक 'विद्यायतन' का शिलान्यास किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा और पूज्य मुनि समता सागर जी महाराज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज एक युग पुरुष थे, जिन्होंने एक नए विचार और नए युग का प्रवर्तन किया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में जन्मे आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महामुनिराज अपने कर्मों से भारत, भारतीय संस्कृति, भारतीय भाषाएँ और भारत की पहचान के ज्योतिर्धर बने। शाह ने कहा कि शायद ही यह सम्मान किसी ऐसे धार्मिक संत को मिला होगा, जिन्होंने धर्म के साथ-साथ देश की पहचान की व्याख्या विश्व भर में की हो। उन्होंने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी के शरीर का कण-कण और जीवन का क्षण-क्षण धर्म, संस्कृति और राष्ट्र को समर्पित रहा।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि उन्हें कई बार आचार्य विद्यासागर जी का सान्निध्य मिला और हर बार आचार्य जी ने भारतीय भाषाओं के संवर्धन, देश के गौरव का विश्वभर में प्रसार और देश की पहचान 'इंडिया' की बजाय 'भारत' से होने पर जोर दिया। अमित शाह ने कहा कि जी-20 सम्मेलन के निमंत्रण पत्र पर 'प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत' लिख कर, मोदी जी ने विद्यासागर जी के विचारों को जमीन पर उतारने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आचार्य जी के विचार को जरा भी राजनीति किए बगैर जमीन पर उतारा और उनके संदेश का अनुकरण करने का काम किया।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आचार्य जी ने जीवन के अंतिम क्षण तक तपस्या का मार्ग नहीं छोड़ा। शाह ने कहा कि आचार्य जी ने न केवल जैन धर्म के अनुयायियों को बल्कि जैनेत्तर अनुयायियों को भी अपनी आध्यात्मिक ऊर्जा से मोक्ष का मार्ग बताने का काम किया। अमित शाह ने कहा कि यह बोलने वाले बहुत लोग मिलते हैं कि धर्म, राष्ट्र और समाज के लिए जीवन का हर क्षण समर्पित होना चाहिए। लेकिन पूरा जीवन इसी तरह जीने वाले लोग कभी-कभार ही दिखते हैं और आचार्य जी का जीवन ऐसा ही रहा। उन्होंने कहा कि आचार्य जी ने 'अहिंसा परमो धर्म:' के सिद्धांत की समय अनुकूल व्याख्या कर पूरे विश्व में इसे स्थापित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने जैन धर्म के सिद्धांत के अनुरूप इस बात का खय़ाल रखा कि उनके शिष्य भी उन्हीं सिद्धांतों पर जीवन व्यतीत करें।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'अहिंसा परमो धर्म:' के सिद्धांतों का प्रचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस अवसर के लिए स्मारक सिक्का और विशेष लिफाफा की स्वीकृति देने के लिए वह मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि आचार्य जी को दी गई यह कार्यांजलि संत परंपरा का सम्मान है। उन्होंने कहा कि आचार्य जी का प्रस्तावित समाधि स्मारक 'विद्यायतन' युगों-युगों तक आचार्य जी के सिद्धांतों, संदेशों और उपदेशों के प्रचार का स्थान बनकर रहेगा। शाह ने कहा कि जिस संत ने अपना पूरा जीवन विद्या की उपासना में बिताया, उनकी समाधि का नाम 'विद्यायतन' के अलावा कुछ और नहीं हो सकता। अमित शाह ने कहा कि इस अवसर पर मध्य प्रदेश के डिंडोरी जिले में नि: शुल्क कन्या विद्यालय का भी शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में कौशल विकास और रोजगार दोनों सम्मिलित होंगे और अध्यापन कार्य मातृभाषा में होगा। उन्होंने कहा कि आचार्य जी के 108 चरण चिह्नों का भी लोकार्पण हुआ है, जो त्याग, तपस्या और संयम के जीवन का संदेश देंगे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480